भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. +27

सोमवार, 19 जुलाई, 2021/28 आषाढ़, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना**

**+27. श्री तालारी रंगैय्या:**

**श्री संजय काका पाटील:**

**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई व्यापक कार्यनीति अपनाने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में वोकल फार लोकल पहल के अंतर्गत कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचाना है और पर्यटन के इस विशिष्ट क्षेत्र के संवर्धन और विकास पर सक्रियता से काम कर रहा है।

तदनुसार पर्यटन मंत्रालय ने **भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप का एक मसौदा तैयार किया है - आत्मानिर्भर भारत की दिशा में एक पहल।** "वोकल फॉर लोकल" की भावना से प्रेरित, ग्रामीण पर्यटन आत्मानिर्भर भारत के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

देश में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए यह रणनीति निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है:

(i). ग्रामीण पर्यटन के लिए आदर्श नीतियां और सर्वोत्तम प्रथाएं

(ii). ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां और मंच

(iii). ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टर विकसित करना

(iv). ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन सहायता
(v). हितधारकों की क्षमता निर्माण
(vi). शासन और संस्थागत ढांचा

दस्तावेज़ को अधिक व्यापक बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप के मसौदे पर प्रतिक्रिया/टिप्पणियां/सुझाव मांगे हैं।

इसके अलावा, देश में ग्रामीण पर्यटन की क्षमता को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत एक थीमेटिक सर्किट के रूप में ग्रामीण सर्किट की पहचान की है और इसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को देश के ग्रामीण पहलुओं की झलक दिखाने के लिए पर्यटन को एक बल गुणक के रूप में उपयोग करना है।

*****